an>

Title: Need to revive the closed sugar mills in Bihar and also provide a special package for development of silk industry in Bhagalpur in the State.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : आम चुनाव के समय माननीय प्रधानमंत्री जी ने बिहार के लोगों से वायदा किया था कि मैं ही बिहार को उन्नति के पथ पर ला सकता हूँ और यह भी कहा था कि बिहार की सभी बन्द पड़ी चीनी मिलों को फिर से चालू किया जाएगा। इसी प्रकार भागलपुर, जो कि रेशम उद्योग के लिए विख्यात था, आज अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। उसे भी विकसित किया जाएगा, जिससे कि वहाँ के करीब पाँच लाख बुनकरों की स्थिति में सुधार लाया जा सके। वे अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी विशेषकर बुनकरों के लिए योजनायें बनवा रहे हैं, उसी के साथ भागलपुर को भी जोड़ा जा सकता है।

उत्तर बिहार की बन्द पड़ी चीनी मिलों में लाखों लोग कार्यरत थे। वे आज भुखमरी के कगार पर हैं। किसानों की हालत दयनीय होती जा रही है। गन्ना का उत्पादन बन्द करना पड़ा, क्योंकि चीनी मिलें बन्द हो चुकी हैं। बेरोजगारी बढ़ती ही जा रही है। राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों से इसका विकास नहीं कर सकती है।

अतः मेरी माँग है कि केन्द्र सरकार विशेष पहल कर बिहार की बन्द पड़ी चीनी मिलों को आर्थिक मदद प्रदान करे। साथ ही साथ भागलपुर में भी रेशम आधारित उद्योगों की स्थापना और विकास हेतु बिहार राज्य के लिए विशेष पैकेज मुहैया कराये, जिससे कि वहाँ का सर्वांगीण विकास किया जा सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।